**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# उत्तराखंड में कोरोना की स्थिति होती जा रही भयावह

## 286 लोग अस्पताल से हो चुके है डिस्चार्ज

**आफत**

- अब तक सूबे में हो चुकी है 10 मौत

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना की स्थिति भयावह होती जा रही है। सूबे में गुरुवार दोपहर दो बजे तक 60 नए मामले सामने आए, जबकि ऋषिकेश में एम्स में भर्ती कोरोना पॉजिटिव एक व्यक्ति की बृहस्पतिवार सुबह मौत हो गई। अब तक सूबे में 10 मौत हो चुकी है। बृहस्पतिवार देहरादून में 35, नैनीताल में 10, पौड़ी में 4, टिहरी में 10 और उत्तरकाशी में एक व्यक्ति की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब सूबे में कुल संक्रमितों की संख्या 1153 हो गई, जबकि 286 लोग अस्पताल से डिस्चार्ज भी हो चुके हैं।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में मुजफ्फरनगर निवासी एक 26 वर्षीय युवक की गुरुवार सुबह मौत हो गई। एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल ने बताया कि यह युवक दो जून को एम्स की ओपीडी में आया था। युवक को सांस की बीमारी थी। सैंपल लेने के बाद इसे भर्ती किया गया था। बुधवार को युवक की कोविड–19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जिसके बाद मरीज को कोविड वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे युवक ने दम तोड़ दिया। स्टेट सर्विलांस अधिकारी और स्थानीय प्रशासन को इस संबंध में सूचना कर दी गई है। वहीं, सूबे में अब तक दस लोगों की मौत हो गई है। वहीं, पौड़ी में 4 लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें दो लोग नोएडा और दो मुंबई से आए थे।

**सभी प्रवासियों के नहीं लिए जाएंगे सैंपल:** आइसीएमआर की गाइडलाइन के तहत अब हरिद्वार जिले में सभी प्रवासियों की सैंपलिंग नहीं होगी। अब 65 साल से ज्यादा उम्र के व्यक्ति, संक्रमित के संपर्क में आए लोग, गर्भवती महिला और कोरोना के लक्षण वालों की जांच की जाएगी।

**कोरोना संक्रमितों की मृत्यु दर में भी हो रहा इजाफा:** हर अंतराल के बाद कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत होने से मृत्यु दर में भी इजाफा हो रहा है। इतना जरूर है कि राज्य में अब तक कोरोना संक्रमित जिन आठ मरीजों की मौत हुई है, वह अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे। लिहाजा, स्वास्थ्य विभाग इन मरीजों की मौत का एकमात्र कारण कोरोना मानने से इन्कार कर रहा है। 21 मई को जो संक्रमण दर 0.95 फीसद थी, वह अब चार फीसद से ऊपर पहुंच चुकी है। कोरोना की दस्तक के करीब सवा दो माह से अधिक के समय में यह सर्वाधिक संक्रमण दर है।

**कोरोना फैलाव से बचने के निरंतर हो रहे प्रयास:** देहरादून के जिलाधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव के मुताबिक, बेशक बाहर के केस दून के हिस्से में जुड़ने से संक्रमण की संख्या बढ़ी है, मगर कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कोरोना का फैलाव न हो, इसके लिए तेजी से कंटेनमेंट जोन भी बनाए जा रहे हैं। रेड जोन से आने वाले लोगों को पेड या संस्थागत क्वारंटाइन में रखा जा रहा है।

### सेल्फ क्वारंटाइन से बाहर आए मुख्यमंत्री और तीन मंत्री

सेल्फ क्वारंटाइन से मुख्यमंत्री और तीन मंत्री बाहर आए। मंत्रियों ने कामकाज शुरू किया। 29 मई की कैबिनेट बैठक में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की कोरोना टेस्ट्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद 31 मई को मुख्ध्यमंत्री, त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, डॉ हरक सिंह रावत व सुबोध उनियाल अपने आवासों पर सेल्फ क्वारंटाइन में चले गए थे। सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री मदन कौघशिक के अनुसार मुख्यमंत्री समेत तीनों मंत्री आज सेल्फ क्वारंटाइन से बाहर आ गए हैं और सभी ने कामकाज शुरू कर दिया है। कौशिक ने बताया कि वह खुद भी विधानसभा स्थित कार्यालय में कामकाज निबटाएंगे।

## न्यूज डायरी

### सैपलिग की जांच को बहुत जल्द ही लैब की सुविधा प्रदान की जायेगी

**संवाददाता** पिथौरागढ़। स्थानीय लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में पत्रकरों के साथ हुई वार्ता में जिला प्रभारी मंत्री अरविंद पांडे ने कहा कि जिले में बाहरी प्रदेशों से लौट रहे प्रवासियों की कोरोना सैपल की जांच के लिए जिला मुख्यालय में बहुत जल्द ही लैब की सुविधा प्रदान की जायेगी। जिले में अब तक जितनी भी जांचे की जा रही है उनके सैपल हल्द्वानी भेजे जर रहे है। जिले के लोगों को कोरोना पोजिटिव की जांच के लिए अब राज्य सरकार कुछ राहत देना का मन बना रही है। इस दौरान तमाम भाजपा पार्टी के सदस्य मौजूद रहे।

### पेयजल स्रोतों के पास वाहनों की धुलाई करने पर भड़की जिला पंचायत अध्यक्षा

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिला पंचायत अध्यक्षा दीपिका बोहरा ने ग्रमसभा कुसौली के अर्न्तगत पेयजल स्रोत के पास ढुलीगाड धारे में ऐबुलेंस की धुलाई करने वाले मामले पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिले में इस तरह की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों के निकट वाइनों के धोनों पर गहरी नाराजगी जाहिर की है।

### अतिथि शिक्षकों का भरपूर खयाल रख रही है राज्य सरकार

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के दूर दराज व माध्यमिक विधालयों में नियुक्त अतिथि शिक्षकों का राज्य सरकार खासा ध्यान दे रही है। जिला मुख्यालय के दौरे पर आये प्रभारी जिला मंत्री व शिक्षा मत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि अतिथि शिक्षकों के भविष्य को लेकर राज्य सरकार काफी चिंता ग्रस्त है। बहुत जल्द राज्य सरकार जिले के अतिथि शिक्ष्कों का मानदेय बढ़ाने के मसले पर कैबिनेट में प्रस्ताव लायेगी। वही इससे राज्य के करीब तीन हजार आठ सौ अतिथि शिक्षकों को फायदा मिलेगा।

### मुंस्यारी के ग्रमीणों ने की स्थायी उपजिलाधिकारी की मांग

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत तहसील मुंस्यारी के ग्रमीणों ने अपने गृह क्षेत्र में स्थायी उपजिलाधिकारी की मांग को तेज कर दिया है। इससे पूर्व क्षेत्र में एक ही स्थायी उपजिलाधिकारी इलाके के ग्रमीणों की जनसमस्याओं को सुनते हुए समाधान कर रहे थे । इलाके के ग्रमीणों का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा उनके व उनके क्षेत्र के लोगों के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की है। क्षेत्र के लोगों ने धारचमला के उपजिलाधिकारी एके शुक्ला को दानों तहसीलों की उपजिलाधिकारी बनाने पर नाराजगी जाहिर की है।

## केरला में हथनी की हत्या करने वालों को दी जाए सख्त सजा

**संवाददाता** देहरादून। मानवधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन ने केरला के मलप्पुरम जिले में इंसानी शर्मनाक करतूत और जाहिलपने का ऐसा वाकया सामने आया है जिससे इंसानियत को शर्मसार करते हुए एक भूखी हथनी को पटाखों से भरा अनानास खिला दिया। पटाखे मुंह में ही फूट जाने से वह गर्भवती जख्मी हो गई और उसकी मौत हो गई। उसके साथ–साथ उसके बच्चे की भी मौत हो गई। यहां जारी एक बयान में राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन ने इस घटना को बेहद शर्मनाक और बहुत ही निंदनीय बताया है। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केरला की सरकार से मांग की है कि इस घटना में जो भी लोग शामिल हों उनको तुरंत सजा दी जाए, क्योंकि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली और एक बेजुबान जानवर को मारने की है। उन्होंने कहा कि इस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये।



### जिले के बिग्रेड कैन्टीन में शारिरिक दूरी की धज्जियां उड़ाते लोग

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के बिग्रेड कैंन्टीन में बृहस्पतिवार सुबह पांच बजे से दोपहर एक बजे तक लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली है। एक ओर पूरे देश व राज्य में कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों से अपील की जा रही है कि हर हाल में शारिरिक दूरी का पालन किया जाए मगर जिले में बृहस्पतिवार सुबह से बिग्रेड कैंन्टीन के ग्रउंड में लोगों की लगी भारी भीड़ कोरोना संक्रमण को आसानी से फैलने का आंमत्रण दे रही है। ऐसा लगता है कि जिले के ये रिटायर्ड फौजी नियमों की अनुशासन हीनता को बरकरार रखते हुए जिले को जल्द कोरोना के संक्रमण से ग्रसित करने में पूरी तैयारी में है।

# पुल के बाद अब नदी पर लगी ट्राली के तार हुए ढ़ीले

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। नाचनी में रामगंगा नदी पर पिथौरागढ और बागेश्वर जिलों को जोड़ने वाली ट्रली पर लगे तार ढ़ीले हो गये है। बागेश्वर जिले के छह गांवों के ग्रमीण इस परेशानी से जूझ रहे है। वजनदार ट्राली को खीचनें में दिक्कतें भी हो रही है।

बता दें कि इलाके के ग्रमीणों को नाचनी बाजार को आने में परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। नाचनी में रामगंगा नदी पर पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के बीच में बहने वाली राम गंगा नदी पर पर पैदल पुल था। साल 2018 में आई भंयकर आपदा के कारण पैदल पुल बह गया था। इस पुल के बहने से बागेश्वर जिले के लगभग आधा दर्जन गांवों की आवाजाही बंद हो गई थी। यहां पर ग्रमीणों के अतिरिक्त उनके बच्चों की आवाजाही भी होती है। छह गावों से करीबन डेढ़ सौ बच्चे पढ़ने के लिए नाचनी आते है। लागों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए दो साल पहले क्षेत्रीय प्रशासन की रजामंदी के बाद पुल के स्थान पर ट्रॉली लगाने की पहल की गई। अब हालात यह है कि ट्रॉली की रस्स्यिां ढ़ीली पड़ने की वजह से अब ट्रॉली पर सवार होकर जाने में जान हथेली पर रखने जैसा साबित हो रहा है। जो ट्रॉली लगाई गई है उसे खीचना बच्चों के बस की बात नही है। यह ट्रॉली काफी वजनदार है।

वही इलाके के ग्रमीणों ने क्षेत्र के नाचनी बाजार पहुचकर इलाके के नाचनी व्यापार संघ को इसकी मौके पर सूचना दी है। व्यापार संघ द्वारा लोक निर्माण विभाग को सूचना देकर अवगत करा दिया गया है। इस बावत क्षेत्र के उपजिलाधिकारी एके शुक्ला से पूछा गया तो उन्होंने भी माना कि वजनदार ट्रॉली को खीच पाना वास्तविक तौर पर जान हथेली में रखने जैसा है। उन्होंने इस मामले पर इलाके के ग्रमीणों को भरोसा दिलाया है कि बहुत जल्द ट्रॉली के तारों में सुधार कर लिया जायेगा। वही उन्होंने संबधित महकमें को इस मसले पर त्वरित कारवाही करने के निर्देश भी दिए है।

**जोखिमः** वजनदार ट्रली को कैसे खींच सकेंगे बच्चे

## जरूरतमंदों को लगातार आर्थिक मदद पहुंचा रही आदर्श संस्था

**संवाददाता** डोईवाला। आदर्श संस्था डोईवाला की अध्यक्ष आशा कोठारी के नेतृत्व में संस्था के सचिव हरीश कोठारी कोरोना वायरस कोविड 19 के खिलाफ जंग में समाज में जन जागरूकता ला रहे हैं। वहीं लगातार लोगों के बीच में रहकर जरूरतमंदों को आर्थिक रूप से मदद पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर सचिव हरीश कोठारी ने बताया कि इसके अलावा अपनी संस्था के माध्यम से आम लोगों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को सैनिटाइजर, मॉस्क इत्यादि बांटने के अलावा उनकी हौसला अफजाई भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मुहिम में उनके साथ पूर्व सदस्य विजय बख्शी भी सहयोग कर रहे हैं। इस कड़ी में भाजपा नेत्री सरिता जोशी व पूर्व प्रधान नरेंद्र नेगी ने संस्था की अध्यक्ष आशा कोठारी, सचिव हरीश कोठारी व पूर्व सभासद विजय बख्शी को अपनी ओर से सामाजिक कर्तव्यों, दायित्वों का निर्वहन करने के लिए कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया।